भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2067

उत्तर देने की तारीख- 17.12.2025

पीवीटीजी से संबंधित छात्रों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर

2067. **श्रीमती फूलो देवी नेतम:**

श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्वीकृत और कार्यशील एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की कुल संख्या और नामांकित छात्रों की संख्या कितनी है;

(ख) राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) के अंतर्गत ईएमआरएस प्रशासन के प्रस्तावित केंद्रीकरण की स्थिति क्या है;

(ग) मुख्यत:, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) से संबंधित छात्रों के नामांकन और पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्तमान में कितने ईएमआरएस परिकल्पित अवसंरचना, कर्मचारिवृंद और पाठ्यचर्या मानकों (नवोदय विद्यालय समिति विद्यालयों के तुलनीय) को पूरा करते हैं; और

(ड.) क्षेत्रीय कार्यालयों को क्रियाशील बनाने, रिक्तियों पर भर्ती करने और राज्यों में प्रक्रियाओं के मानकीकरण में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्वीकृत, कार्यशील एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) और नामांकित छात्रों की संख्या का ब्यौरा **अनुलग्नक - I** में दिया गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस), ईएमआरएस योजना के लिए केंद्रीय कार्यान्वयन एजेंसी है।

(ग): छात्रों, विशेषकर विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) से संबंधित छात्रों के नामांकन और पढ़ाई बीच में छोड़ने की (ड्रॉप-आउट) दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(घ) और (ड.): केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत बने सभी नए ईएमआरएस में आधुनिक डिज़ाइन वाले अच्छी तरह से सुसज्जित परिसर हैं, जो 15 एकड़ में फैले हैं, जो लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास, एकीकृत भोजन और रसोई की सुविधा, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए क्वार्टर, अच्छी तरह से हवादार कक्षाएं, शैक्षणिक शिक्षा को सहायता देने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय सहित कक्षा VI से XII तक 480 छात्रों की क्षमता वाले हैं। अनुच्छेद 275(1) के तहत स्वीकृत पुराने ईएमआरएस के लिए बुनियादी ढांचे के अंतर को भरने के लिए, मंत्रालय ने ऐसे ईएमआरएस के उन्नयन के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की है।

स्टाफ भर्ती के लिए, एनईएसटीएस ने ईएमआरएस कर्मचारी चयन परीक्षा (ईएसएसई) - 2023 के माध्यम से 10391 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अपना पहला चरण पहले ही पूरा कर लिया। द्वितीय चरण में 7,267 शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों की भर्ती के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अलावा, राज्य सरकारों को प्रतिनियुक्ति एवं आउटसोर्सिंग के आधार पर भी कर्मचारी नियोजित करने की सलाह दी गई है। ये ईएमआरएस (ईएमआरएस) सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किए जाने अनिवार्य हैं। अभी तक, एनईएसटीएस के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए किसी भी प्रस्ताव को अनुमोदन नहीं दिया गया है।

अनुलग्नक - I

श्रीमती फूलो देवी नेतम और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा "पीवीटीजी से संबंधित छात्रों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर" के संबंध में उठाए गए दिनांक 17.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2067 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुलग्नक

राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्वीकृत, कार्यशील ईएमआरएस और नामांकित छात्र की संख्या का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	स्वीकृत	कार्यशील ईएमआरएस	नामांकित छात्रों की संख्या (2025-26)
1	आंध्र प्रदेश	28	28	10617
2	अरुणाचल प्रदेश	10	5	932
3	असम	17	6	300
4	बिहार	3	2	एनआर
5	छत्तीसगढ़	75	75	27446
6	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1	1	410
7	गुजरात	47	44	11522
8	हिमाचल प्रदेश	4	4	1022
9	जम्मू और कश्मीर	6	6	1180
10	झारखंड	90	51	6872
11	कर्नाटक	12	12	4447
12	केरल	4	4	1066
13	लद्दाख	3	-	-
14	मध्य प्रदेश	71	63	25589
15	महाराष्ट्र	39	37	11185
16	मणिपुर	21	5	1723
17	मेघालय	37	2	एनआर
18	मिजोरम	17	11	2399
19	नागालैंड	22	3	747
20	ओडिशा	111	47	13302
21	राजस्थान	31	31	10493
22	सिक्किम	4	4	1257
23	तमिलनाडु	8	8	2911
24	तेलंगाना	23	23	10163
25	त्रिपुरा	21	12	2469
26	उत्तर प्रदेश	4	3	1056
27	उत्तराखंड	4	4	1145
28	पश्चिम बंगाल	9	8	3110
	कुल योग	**722**	**499**	**153363**

अनुलग्नक - II

श्रीमती फूलो देवी नेतम और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा "पीवीटीजी से संबंधित छात्रों की पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर" के संबंध में उठाए गए दिनांक 17.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2067 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुलग्नक

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार पीवीटीजी छात्रों सहित छात्रों के नामांकन और पढ़ाई बीच में छोड़ने की (ड्रॉप-आउट) दर का ब्यौरा

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**नामांकन 2024-2025**	**पीवीटीजी नामांकन 2024-25**	**कुल ड्रॉपआउट (%)**	**पीवीटीजी ड्रॉपआउट (%)**
1	आंध्र प्रदेश	9891	1283	0.67%	0.09%
2	अरुणाचल प्रदेश	734	-	-	-
3	छत्तीसगढ़	24767	633	0.36%	0.04%
4	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	346	-	1.45%	-
5	गुजरात	11525	21	0.06%	-
6	हिमाचल प्रदेश	902	-	0.22%	-
7	जम्मू और कश्मीर	900	-	0.33%	-
8	झारखंड	3257	198	0.18%	-
9	कर्नाटक	4523	51	0.20%	0.02%
10	केरल	969	56	-	-
11	मध्य प्रदेश	25056	929	0.28%	0.01%
12	महाराष्ट्र	10092	129	0.67%	0.05%
13	मणिपुर	1440	-	0.42%	-
14	मिजोरम	1892	-	0.69%	-
15	नागालैंड	744	1	0.13%	-
16	ओडिशा	11530	391	0.75%	-
17	राजस्थान	9603	116	0.47%	0.01%
18	सिक्किम	1248	-	0.16%	-
19	तमिलनाडु	2490	197	0.04%	0.04%
20	तेलंगाना	9282	61	0.40%	-
21	त्रिपुरा	2094	238	0.57%	-
22	उत्तर प्रदेश	890	1	2.02%	-
23	उत्तराखंड	1105	160	-	-
24	पश्चिम बंगाल	3056	87	0.16%	-
कुल योग		**138336**	**4552**	**0.40%**	**0.02%**

*****